# The Baptist Tabernacle of Los Angeles


1329 South Hope Street, L.A. Civic Center

Mailing Address:
P. O. Box 15308
Los Angeles, CA 90015

Phone: (213) 744-9999

E-mail: rlhymersjr@sbcglobal.net

www.sermonsfortheworld.com

www.baptisttabernacle.com

Dr. R. L. Hymers, Jr.
Founding Pastor

Dr. Christopher L. Cagan
Pastor


God Bless You At Christmas

दिसंबर, २०१९

प्रिय मित्र:

मेरी इच्छा थी कि मैं आपको एक खुशनुमा क्रिसमस पत्र भेज पाता। परंतु, सच्चाई यह है, जिसे आपको बता देना आवश्यक है कि हम पिछले डेढ़ वर्षो से वास्तव में हमारे चर्च में एक भयानक विभाजन झेल रहे हैं।

यह पिछले वर्ष में कई महिले पहिले प्रारंभ हो चुका था। हमारे वरिष्ठ डीकन ने किसी अन्य पास्टर के साथ मिलकर गुप्त बैठकें आरंभ कर दी थीं। उन दोनों ने हमारे चर्च को खत्म करने की योजना बना ली थी। दोनों ने एक दूसरा चर्च आरंभ करने का सोचा और जितना संभव हो, उतने सदस्यों को अपने साथ खींचने की योजना बनाई। जिस समय तक मुझे इस षड़यंत्र की भनक लगती, एक बड़ा विभाजन हो चुका था।

इस घटना की शुरूआत तब से हुई जब एक असंतुष्ट डीकन ने मुझसे "हाथापाई" करने की कोशिश की। मैंने उससे लड़ने से इंकार किया तो उसने चर्च छोड़ दिया। जल्द ही उसके पीछे अन्य लोग भी चले गए। इन डीकंस के प्रधान ने अपनी वेबसाईट पर स्वयं की पोर्नोग्राफिक तस्वीरें डालीं। "चर्च तोड़ने वालों" में से एक ने इन तस्वीरों को लेकर मुझे ब्लैकमेल करने का प्रयास किया, पुलिस भी बुलवाना पड़ी। डीकंस के प्रधान और उसकी पत्नी हमारा चर्च छोड़कर चले गए।

इस समय तक, वह वरिष्ठ डीकन खुलकर सक्रिय हो चुके थे। वह चर्च छोड़कर चले गए और जितना बन सके, हमारे सदस्यों को अपनी तरफ खींचने लगे। चूंकि यह वरिष्ठ डीकन हमारे चर्च में अनेक वर्षो तक अगुवा रहा था, इसलिए कई लोग उसके पीछे चले गए एवं चर्च छोड़ दिया। जब यह विभाजन रूका, तब तक तो वह हमारे आधे सदस्यों को अपनी ओर मिला चुका था।

इस समय मेरी शारीरिक समस्याएं भी काफी फैल चुकी थीं और मैं रविवार की दोनों आराधनाओं में प्रचार करने योग्य नहीं रहा। रविवार की सुबह सेमनरी का एक विधार्थी संदेश देता था। किंतु वह मेरे साथ खड़े होने के हिसाब से बहुत ही कम अनुभवी था और उसके निकटस्थ मित्र भी इस विभाजन में उसको छोड़कर चले गए थे। फरवरी २० को, इस युवा ने भी मेरे साथ सहभागिता तोड़ दी। उसने व उसकी मां ने चर्च आना बंद कर दिया और दूसरे नये इवेंजलीकल्स चर्च में जाने लगे। ये मेरे लिए बहुत बड़ा धक्का था, चूंकि इस युवा को मैंने अपना निकट व्यक्तिगत मित्र समझा था। फरवरी २३ को, मैंने पास्टर के पद से इस्तीफा दे दिया और डॉ क्रिस्टोफर कैगन नये

पास्टर घोषित हुए। मुझे पास्टर इमेरटस के रूप में नियुक्त किया गया। मैं इतना कमजोर हो गया था कि सभा में भी उपस्थित नहीं हो पाता था। मार्च ३ को, डॉ कैगन ने मेरा रिटायरमेंट घोषित किया और उनकी नियुक्ति के विषय में बताया। पास्टर वर्मब्रेंड के बाद अगर मैंने किसी महान पास्टर को जाना है तो वे डॉ कैगन हैं। उनकी अगुवाई के बिना हमारा चर्च पुर्नस्थापित नहीं हो सकता था।

परंतु भली चीजें होना जारी रहती हैं। जनवरी २६ को हमारी वेबसाईट पर ४१ वीं भाषा जुड़ गयी। उसी दिन (जनवरी २६ को) हमारा ''एप'' आयफोन व एंड्रायड पर शुरू हुआ। तबसे विश्व के हजारों लोग ''एप'' के जरिए हमसे जुड़ गए, हमारे एक मित्र को कोटि – कोटि धन्यवाद, जो न्यूयार्क शहर में यहूदी लोगों के लिए मिशनरी का कार्य करते हैं। तत्पश्चात हमारी ४२ वीं भाषा जुड़ी – जो अफ्रीका की मुख्य भाषा मलावी है। फरवरी २३ को, डॉ कैगन ने अधिकृत रूप में पास्टर का पद ग्रहण किया और मैंने पास्टर इमेरटस का।

कहने की आवश्यकता नहीं कि, इतने सब उत्पात की वजह से मैं कितना कमजोर व बीमार हो गया था। मैं अपनी पत्नी का बहुत आभारी हूं जो ऐसी कठिन घड़ी में मेरे साथ बनी रहीं। फरवरी २७ से मार्च २० तक मैं उसे एक लंबे अवकाश के लिए एरिजोना ले गया। मार्च २० को, लौटकर मैंने रविवार संध्या को संदेश देना और शनिवार संध्या बाइबल अध्ययन लेना आरंभ किया।

तब से हमने अपनी चर्च बिल्डिंग को विक्रय के लिए रखा है। अप्रैल १४ को मेरा ७८ वां जन्मदिन पुरानी इमारत में मनाया गया। मई ७ को मैंने हमारे चर्च के युवाओं को लेकर एक शिष्यता समूह इवेंजलीज्म एक्सप्लोजन की अध्ययन पुस्तक से सिखाते हुए आरंभ किया। मई २२ से मई २९ तक डॉ कैगन, मेरी पत्नी और मुझे सैन फ्रांसिस्कों में एक चायनीज बैपटिस्ट चर्च व इसके पास्टर से भेंट करवाने लेकर गए। हम मरीन काउंटी में मेरे द्वारा शुरू किए गए चर्च में भी गए और वहां लंबे समय से पास्टर रहे माइक व मोना रिले से मुलाकात की। माईक से हुई मुलाकात से मैं बहुत उत्साह से भर गया और उसने मुझे उनके चर्च की ५०वीं वर्षगांठ पर बोलने के लिए आमंत्रित किया। किंतु दूसरे लोग इतने दयालू नहीं थे, उन्होंने मुझे हमारे चर्च विभाजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जिससे मुझे बहुत पीड़ा हुई।

जुलाई २८ को, हमने डॉ कैगन के ६६ वें जन्मदिन पर चर्च में एक बड़ी पार्टी का आयोजन किया। उसी आयोजन में घोषित किया गया कि सैन गेब्रिएल वैली में हमारे नये चर्च का नाम ''दि चायनीज बैपटिस्ट टैबरनेकल ऑफ ग्रेटर लॉस ऐजेंलिस होगा।'' हमने वहां एक नयी इमारत खरीदी है और जल्द ही उसका आधिपत्य हमें मिल जाएगा।

जुलाई अंत में मैं अपनी पत्नी को एक और संक्षिप्त अवकाश पर ले गया। मेरी पत्नी, इलियाना, निसंदेह पूरे विश्व में सर्वोत्तम पास्टर पत्नी है। मेरे पुत्र राबर्ट लैस्ली और मैंने मिलकर उसे व उसके माता – पिता को इजरायल की यात्रा पर भेजा। नवंबर १७ से मैंने रविवार सुबह एवं शाम को संदेश की शृंखला आरंभ की। डॉ कैगन की अगुवाई और उनके कठिन परिश्रम के कारण, दो युवाओं ने उद्धार पाया और कई चायनीज छात्रों ने हमारे चर्च में आना आरंभ कर दिया है। डॉ कैगन ने लॉस ऐंजीलिस के मध्य में स्थित अपना घर बेच दिया है और दूसरा सैन गैब्रिएल की इमारत के पास देख रहे हैं। अगले कुछ महिनों में हम अपने चर्च की नयी इमारत में चले जाएंगे।

चर्च विभाजन अब खत्म हो गया है। कुछ दिनों पूर्व, सिटी ऑफ होप पर मुझे बताया गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि मेरा कैंसर अच्छा हो गया है। डॉ कैगन, मेरी पत्नी और मैंने थैंक्सगीविंग मेरे घर पर मनाया जिसमें मेरे पुत्र,

हमारे पोते – पोतियां और अधिकतर वे लोग सम्मिलित थे जो मुश्किल की घड़ी में हमारे संग खड़े हुए थे। हम सबने एक अच्छा अवसर साथ बिताया!

आप सभों को प्रभु आशीष देवें! कृपया हमें अपनी प्रार्थनाओं में स्मरण रखिए जब हम अपना नया चायनीज चर्च आरंभ करने जा रहे हैं!



मुझे अपने परिवार पर बहुत गर्व है, बाएं से दाएं, वेस्ली, लेस्ली बेबी हन्ना के संग, मैं, इलियाना बेबी सारा के संग, लेस्ली की पत्नी जिन, इलियाना की मां लिंडा एवं उनके भाई इर्विन क्वेयार

हमारे मसीहा यीशु मसीह की स्तुति हो!



आर॰ एल॰ हायमर्स, जूनि॰,
डी॰ मिन, टी॰ एच॰ डी, लिट॰ डी,
फिलिप्पयों ४:१३

''यदि मुझे विश्वास न होता कि जीवितों की पृथ्वी पर यहोवा की भलाई देखूंगा, तो मैं मूर्च्छित हो जाता यहोवा की बाट जोहता रह, हियाव बांध और तेरा हृदय दृढ़ रहे, हां, यहोवा ही की बांट जोहता रह'' (भजन २७:१३–१४)

***हमारी वेबसाईट सैकड़ों शब्द –दर – शब्द संदेश बयालीस भाषाओं में***
***WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM पर प्रसारित करती है***